दिनांकः 31.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य के नए मनोनीत राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागड़े आज शपथ ग्रहण करेंगे। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। समारोह शाम चार बजे राजभवन में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मंत्रिपरिषद के सदस्य, विधायक, नेता प्रतिपक्ष और अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री की ओर से नए राज्यपाल और पूर्व राज्यपाल को रात्रि भोज दिया जाएगा। इस बीच, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज श्री बागड़े से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्यपाल कलराज मिश्र से भी मुलाकात की। श्री बागड़े ने आज गोविन्द देव मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने उनकी अगवानी की और गोविन्द देव जी की तस्वीर भेंट की।

....

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने क्षमता निर्माण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से देश की संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने में सरकार के प्रयासों की सराहना की है। आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री शेखावत ने कहा कि देश में आज सम्पन्न हो रही विश्व धरोहर समिति की बैठक उन उदाहरणों में से एक है, जो जी–20 की अध्यक्षता के बाद भारत की क्षमता में वृद्धि को दर्शाता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार कई भारतीय स्थलों को विरासत सूची में रखने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले दस सालों में देश के 13 स्थलों को विरासत सूची में शामिल किया गया है।

....

पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया की आज जयंती है। उन्हें आधुनिक राजस्थान का निर्माता भी कहा जाता है। वे सबसे लम्बे समय तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण, और विधानसभा के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान मोहनलाल सुखाड़िया के योगदान को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

....

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का अगले महीने से लाभ लेने के लिए पंजीयन करवाने की आज आखिरी तारीख है। आज पंजीकरण नहीं करवाने वाले परिवारों को योजना का लाभ लेने के लिए तीन माह का इंतजार करना पड़ेगा। योजना में सभी वंचित परिवार एसएसओ आईडी या ई–मित्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं, ताकि एक अगस्त 2024 से योजना का लाभ मिल सके।

....

जैसलमेर जिले के लिए स्वीकृत दो नए पुलिस थाने म्याजलार और पीटीएम में कल से शुरू हो जाएंगे। इन थानों के बनने से भारत माला हाइवे प्रोजेक्ट पर सुरक्षित आवागमन हो सकेगा। अंतरर्राष्ट्रीय सीमा के पास होने वाले अपराधों पर भी अंकुश लग सकेगा। दोनों नए थानों के शुरू होने के साथ ही लोगों को सुविधा होगी।

....

प्रदेश में बारिश का दौर धीमा पड़ने के साथ ही कई शहरों के पारे में बढोतरी और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 41 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड किया गया। जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, संगरिया और फतेहपुर में दिन का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। राजधानी जयपुर में भी उमस से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मानसून ट्रफ लाइन

बीकानेर और अजमेर से गुजर रही है। पूर्वी राजस्थान में आगामी 5–7 दिन अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय रहने तथा बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। कोटा, उदयपुर, अजमेर, भरतपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं आगामी दो–तीन दिन मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। जयपुर और बीकानेर संभाग के कुछ स्थानों पर भी बारिश हो सकती है। इस बीच, राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर बारिश हुई। करौली जिले में भारी वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक 80 मिलीमीटर बारिश करौली में हुई।

....